Regarding Indore Airport

श्री शंकर लालवानी (इन्दौर) : सभापति महोदय, माननीय प्रधान मंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हवाई क्षेत्र में जो लगातार काम हो रहे हैं, उसके लिए मैं उनको बधाई देना चाहता हूँ । आजादी के बाद जितने एयरपोर्ट नहीं बने, उतने पिछले दस सालो में बने हैं । एयरपोर्ट्स की संख्या लगभग दुगुनी हुई है । हवाई चप्पल पहनने वाला व्यक्ति भी हवाई जहाज़ में घूम रहा है । मैं इंदौर एयरपोर्ट की बात कर रहा हूँ, जिसमें लगातार विस्तार हो रहा है, फ्लाइटें भी बढ़ रही हैं और यात्रियों की संख्या भी बढ़ रही है । इंदौर तेज़ी से बढ़ता हुआ शहर है और लगातार स्वच्छता में नंबर वन आ रहा है, क्लीनेस्ट सिटी ऑफ इंडिया है । सिविल एविएशन मंत्री जी से मेरी मांग है कि एयरपोर्ट की कैपेसिटी पूर्ण हो चुकी है, आने वाले वर्ष 2028 में उज्जैन में सिंहस्थ होना है । इसको ले कर मेरी तीन मांगे हैं । पहली, आने वाले 25 सालों के लिए एक नया टर्मिनल बनाया जाए । दूसरा, अंतर्राष्ट्रीय दर्जा तो है, लेकिन फुल फ्लेज में अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट नहीं है, वह बनाया जाए । तीसरी मांग है कि वहां से अंतर्राष्ट्रीय फ्लाइट चलाई जाएं ।